7

मैं और मेरा देश

अभ्यास

बात पाठ की

मुख से

Oral Skil

इन प्रश्नों के उत्तर बताइए।

क. देश का सम्मान कैसे बढ़ता है?

ख. स्वामी रामतीर्थ कहाँ जा रहे थे?

ग. स्वामी रामतीर्थ ने जापान के बारे में क्या कह दिया था?

घ. दूसरी घटना में युवक ने अपने देश का सिर कैसे झुका दिया?

कलम से

Writing Skil

1. इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. देश के सम्मान की रक्षा के लिए हमें क्या करना चाहिए?

....

....

ख. स्वामी रामतीर्थ से अपने देश के विषय में सुनकर जापानी युवक ने क्या किया?

....

....

ग. स्वामी रामतीर्थ युवक की बात सुनकर मुग्ध क्यों हो गए?

....

....

घ. 'श्रेष्ठ कार्य से देश का सिर ऊँचा होता है।' अपने उत्तर को उदाहरण द्वारा पुष्ट कीजिए।

....

....

ङ. देश की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए लेखक क्या-क्या प्रश्न पूछ रहे हैं?

....

....

पाठ-अभ्यास के उत्तर

बात पाठ की

मुख से

(क) देशवासियों के अच्छे कार्यों से देश का सम्मान बढ़ता है।

(ख) स्वामी रामतीर्थ जापान में रेलगाड़ी से यात्रा कर रहे थे।

(ग) स्वामी रामतीर्थ ने फल न मिलने पर कहा कि जापान में शायद अच्छे फल नहीं मिलते।

(घ) दूसरी घटना में युवक ने अपने देश के मस्तक पर कलंक का टीका लगा दिया।

कलम से

1. (क) देश के सम्मान की रक्षा के लिए हमें किसी के साथ अनुचित आचरण नहीं करना चाहिए।

(ख) जापानी युवक ने स्वामी रामतीर्थ को फल भेंट किए और कहा कि आपको फलों की ज़रूरत थी न।

(ग) स्वामी रामतीर्थ उस युवक की देश के प्रति भक्ति एवं सोच देखकर मुग्ध हो गए कि उसने कहा कि अपने देश में जाकर किसी से न कहिएगा कि जापान में अच्छे फल नहीं मिलते।

(घ) श्रेष्ठ कार्य से देश का सिर ऊँचा होता है जैसे स्वामी रामतीर्थ को फल देने वाले युवक ने देश के बारे में ऊँची सोच रखी कि किसी से जाकर न कहिएगा कि जापान में अच्छे फल नहीं मिलते।

(ङ) क्या आप केला खाकर छिलका रास्ते में फेंकते हैं? घर का कूड़ा बाहर फेंकते हैं? अपशब्दों का प्रयोग करते हैं? जगह-जगह थूकते हैं? निमंत्रित होने पर विलंब से पहुँचते हैं? शिष्ट व्यवहार के विरुद्ध आचरण करते हैं आदि।

2. (क) युवक पुस्तक सरकारी पुस्तकालय से लाया था।

(ख) पुस्तक में विशेष कुछ दुर्लभ चित्र थे।

(ग) पुस्तकालय को चित्र निकालने की सूचना जापानी विद्यार्थी ने दी थी।

(घ) युवक की तलाशी लेकर चित्र बरामद किए गए और उस विद्यार्थी को जापान से निकाल दिया गया।

(ङ) बाहर बोर्ड पर लिख दिया गया कि पुस्तकालय में उस विद्यार्थी का प्रवेश वर्जित है ही, उसके देश के निवासियों का भी प्रवेश वर्जित है।